# श्याम मुझे रख लेना दरबारी भजन लिरिक्स

श्याम मुझे रख लेना दरबारी,
चरण सेवक तेरा कहलाऊँ,
खाटू के दातारी,
श्याम मुझें रख लेना दरबारी।bd।

---

भोर वेला उठ तुम्हे जगाऊँ,
गंगा जल स्नान कराऊँ,
नित नया बागा पहनाकर,
जाऊँ तेरे बलिहारी,
श्याम मुझें रख लेना दरबारी।bd।

---

आँगन पलकों से मैं बुहारूं,
सामने बैठ के तुम्हे निहारूं,
तुझ जैसा सेठ ना कोई,
ना तुझ सी सरकारी,
श्याम मुझें रख लेना दरबारी।bd।

---

दिल में गौरव के वास है तेरा,
दिल में भक्तों के वास है तेरा,
मैं हूँ तेरा तू है मेरा,
रूद्र को चरणों से लगाकर,
मुझको चरणों से लगाकर,
दे दो सेवादारी,
श्याम मुझें रख लेना दरबारी।bd।

---

श्याम मुझे रख लेना दरबारी,
चरण सेवक तेरा कहलाऊँ,
खाटू के दातारी,
श्याम मुझें रख लेना दरबारी।bd।

**Singer – Rudraksh Yadav**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com